Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005

Participants : Sharma Shri Madan Lal

an>

Title: Regarding delay in establishment of 'Tourism Development Authority' in Jammu & Kashmir.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी वसाकत से सरकार के नोटिस में एक अहम् मामला लाना चाहता हूं। आठ महीने पहले प्राइम मिनिस्टर पैकेज के अन्दर रियासते जम्मू-कश्मीर में मजमुई तौर पर और खासकर सूबा जम्मू में जो 50 वर्ों से वहां टूरिज्म को बढ़ावा नहीं दिया गया और सूबा जम्मू के लोगों में एक बहुत बड़ा रोा था, लेकिन प्राइम मिनिस्टर साहब ने वहां दौरा करके अपने पैकेज के अन्दर 6 टूरिज्म डवलपमेंट एथारिटीज़ कायम करने का वायदा किया। उसमें पूंछ, राजौरी, लखनपुर, बसौली, भद्रवाह और किश्तवाड़ हैं, लेकिन 8-9 महीने गुजर जाने के बाद अभी तक उस पर कोई अमल नहीं हुआ, न मरकज़ी सरकार ने कोई फंड्स रिलीज़ किये। मैं आपके माध्यम से सरकार से इस्तकदुआ करना चाहता हूं कि उन टूरिज्म डवलप एथारिटीज़ को फौरी तौर पर एस्टेब्लिश किया जाये और फंड्स को जल्दी से जल्दी बारोज़गार किया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री पी.सी. थामस - अनुपस्थित।

प्रो. रासा सिंह रावत - अनुपस्थित।

श्री राम कृपाल यादव - अनुपस्थित।

श्री वाई.जी. महाजन - अनुपस्थित।